# महादेव की निकली बारात, अभिषेक के साथ सजे शिवालय

**महाशिवरात्रि :** शिवमय हुई सूर्यनगरी, श्रद्धालुओं ने रखे व्रत-उपवास, पूजा-अर्चना के साथ दिन भर हुए अनुष्ठान




अचलनाथ महादेव मंदिर में सुबह अभिषेक किया गया। वहीं उम्मेद उद्यान स्थित शिव मंदिर में देर रात तक महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



सोजती गेट स्थित महादेव मंदिर में रुद्रीपाठ किया गया।

कम्युनिटी रिपोर्टर | जोधपुर

महाशिवरात्रि का पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। शिवालय सजे। फूल-मंडली, श्रृंगार, रोशनी के बीच शिव को आक, धतूरा, भांग, बिल्व-पत्र, फल और मेवे चढ़ाए गए। मंदिरों में अभिषेक, रुद्रीपाठ, शिव महिमा सहित जागरण का दौर चला। कहीं शिव की बारात निकाली गई तो कहीं शिव की आराधना में भजन गूंजते रहे। मंदिरों में चार प्रहर आरती भी हुई।

## मंदिरों में गूंजे बम-बम भोले

चांदपोल के बाहर स्थित जागनाथ महादेव व पंथेश्वरजी मंदिर में सुबह 10 बजे से जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, ईख रस व शहद से भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। जागनाथ में पंडित सुरेंद्र मूथा के सान्निध्य में नवयुवकों ने महादेव का विशेष श्रृंगार किया। वहीं पंथेश्वर महादेव में प्रातः व संध्या श्रृंगार मुकेश बोड़ा ने किया। इसी तरह भीतरी शहर में चैनेश्वर महादेव, गूंदेश्वर महादेव, हटलेश्वर महादेव, प्रतापेश्वर महादेव तथा नवचौकिया स्थित आनंदेश्वर महादेव में शाम के समय फूलमंडली करने के साथ अलसुबह तक अभिषेक का दौर चला। भीतरी क्षेत्र अचलनाथ महादेव, चांदपोल रामेश्वरनाथ मंदिर, उम्मेद उद्यान शिव मंदिर, रातानाडा शिव मंदिर, सोजती गेट महादेव मंदिर व जूना खेड़ापति मंदिर, भूतनाथ, मगरा पूंजला स्थित मातेश्वर महादेव मंदिर, जालोरी बारी बड़लेश्वर महादेव, कायलाना स्थित गोरेश्वर महादेव, पावटा सी रोड शिव बालाजी मंदिर सहित शिवालयों में दिन भर आराधना हुई। मंदिरों में पंडाल लगाकर शिव की पूजा-अर्चना की गई। डीजे बजते रहे। भजन गूंजते रहे। बच्चों व युवाओं ने शिव की मूर्तियां स्थापित की।

## श्रीयादे माता पावन धाम को फूलमंडली से सजाया, भजनों ने मन मोहा

श्री प्रजापति (कुम्हार) विकास संस्थान द्वारा झालामंड स्थित श्रीयादे माता पावन धाम पर भव्य फूलमंडली की गई। महारुद्राभिषेक में श्रद्धालु उमड़े। प्रवक्ता मनोज सिनावड़िया ने बताया, कि पंडित ऋषिराज की देखरेख में अनुष्ठान हुए। भजन संध्या में महासचिव कोजाराम, प्यारेलाल ऐणिया, राजकुमार, रमेश ऐणिया, भैराराम रुणगतिया, धर्माराम सिनवाड़िया, मोतीलाल प्रजापत, गोरधनराम जगरवा व नैनाराम बनावड़िया मौजूद थे।

## चहुंमुखी महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक

**डांगियावास|** पांचवीं रोड स्थित तकनीकी शिक्षा उपनिदेशक परिसर में चहुंमुखी प्राविधिक पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक के साथ एक क्विंटल दूध व पंचामृत से पंडित अभिषेक जोशी ने अभिषेक करवाया। प्रवक्ता भुवनेश सदायत ने बताया, कि सत्संग में ललित व्यास और किशनाराम देशवा ने भजन सुनाए।

## माधव उद्यान में प्रकाश माली के भजनों पर झूमते रहे शिवभक्त



मगरा पूंजला मंडोर स्थित माधव उद्यान में शिवरात्रि महोत्सव में श्रद्धा और भक्तिसंगीत का उफान देखने को मिला। यहां प्रख्यात भजन गायक प्रकाश माली ने शिवजी के एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं उनके साथी ओमप्रकाश ने अपनी चुटीली एंकरिंग से भक्तों को बार-बार हंसाया। बड़ा रामद्वारा चांदपोल के संत हरिराम शास्त्री के सान्निध्य में हुई भजन संध्या में महापौर घनश्याम ओझा, माली संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला, जोधपुर भवन हरिद्वार के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, सेवादल अध्यक्ष हरेंद्रसिंह राठौड़, ट्रस्टी आनंद कच्छवाहा, पूर्व भाजपा शहर अध्यक्ष नरेंद्रसिंह कच्छवाहा, महेंद्र तंवर, पार्षद किशोरसिंह टाक, सुषमा परिहार, चिमनसिंह, राज गहलोत, नवनीत जैन भी उपस्थित थे। माधव पर्यावरण सोसायटी के सुभाष गहलोत ने बताया, कि सुबह जलाभिषेक के बाद रोग जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।



डूंगरिया महादेव



कालेश्वर महादेव मंदिर



चेनेश्वर महादेव मंदिर



मंछापूर्ण महेश्वर महादेव मंदिर

## शिवजी चले ब्याहने, देवता भी इस अद्भुत नजारे के साक्षी बने



बैंडबाजों की स्वर-लहरियों, ढोल-नगाड़ों के साथ बागर चौक से शिव की बारात निकाली गई। शिवजी ब्याहने चले तो इस अद्भुत नजारे के साक्षी बनने के लिए देवता भी अपने आपको रोक नहीं पाए। भगवान ब्रह्मा, विष्णु के रूप में भी श्रद्धालु शामिल हुए। भूत-नंदी-गण के रूप में भी लोग शामिल हुए। बारात उम्मेद चौक, साइकिल मार्केट, कटला बाजार होते हुए अचलनाथ मंदिर पहुंची। यहां पूजा-अर्चना के बाद बारात लखारा बाजार होते हुए मेहरों के बास पहुंचकर विसर्जित हुई।

## शिव-पार्वती की प्रतिमाओं को सजाया



**सालावास|** नंदवान गांव स्थित महादेवजी खेडा शिव मंदिर में शिव-पार्वती की प्रतिमाओं को सजाया गया। पुजारी संपतराय गौड़ ने बताया, कि इस मौके पर सरपंच राजेश्वरी, बुद्धाराम पटेल, सोनाराम भांबू, उमाराम, दलपत, जसाराम, जगदीशसिंह, प्रेमसिंह, गणपत, दीपाराम, नरेंद्र, जगदीश सहित कई लोग मौजूद थे।

## पूजा की, शाम को भजनों की प्रस्तुति

श्री दादा दरबार नेपाली दादा सिद्धनाथ महादेव मंदिर व ऋषिगिरी महाराज की समाधि पर भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक, आरती के साथ दिन भर अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रीराम नगर स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। श्रीराम नगर सोसायटी के अध्यक्ष महिपालसिंह सोढ़ा ने बताया, कि भजन संध्या में गायक जुगल गील, पुखराज शर्मा, नवीन दाधीच ने भजनों की प्रस्तुति दी। इसी तरह महात्मा गांधी अस्पताल स्थित दादा दरबार महादेव मंदिर में डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय मालवीय ने महादेव का रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम में एमजीएच के अधीक्षक डॉ. पीसी व्यास और स्टाफ मौजूद था। अभिषेक के बाद प्रसादी भी वितरित की गई।

## सत्यम-शिवम-सुंदरम की गूंज

चौहाबो 17 सेक्टर स्थित आशुतोष महादेव मंदिर में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व आरती की गई। कुड़ी स्थित मंछापूर्ण महेश्वर महादेव मंदिर में रात्रि के चारों प्रहर आरती हुई। रातानाडा सुभाष चौक स्थित बाबा रामदेव मंदिर में भजन-कीर्तन हुआ और बर्फानी बाबा की झांकी सजाई गई। पंकज जांगिड़, मंजू डागा, रुक्मणि ने भजनों की प्रस्तुति दी। सर्व जनहित एवं विकास सेवा संस्थान के सचिव विष्णु सरगरा ने दूध की मनुहार की। किशोर न्याय बोर्ड के संप्रेक्षण गृह में सदस्य रूपवती देवड़ा ने यज्ञ किया। उषा सोनी ने फल वितरित किए। बोर्ड अधीक्षक बजरंगलाल सारस्वत, पर्यवेक्षक अधिकारी मोहनलाल, सदस्य राजेंद्र सोनी आदि उपस्थित थे। झालामंड आदर्श नगर स्थित आदेश्वर महादेव मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। मुख्य अतिथि पार्षद रेवतसिंह इंदा ने मंदिर की बाउंड्री व शौचालय निर्माण की घोषणा की। किला रोड स्थित शुगालेश्वर महादेव मंदिर में सुबह पुजारी व ट्रस्टियों ने दुग्धाभिषेक किया। मंदिर प्रवक्ता रवि सोलंकी ने बताया कि 101 दीपों से महाआरती की गई। रात्रि जागरण में महेश, जितेंद्र, मांगीलाल सैन ने प्रस्तुति दी। रतनसिंह सिसोदिया ने आभार प्रकट किया। बालसमंद रॉयल्टी नाका के पास स्थित मंदिर में राजस्थान गाडिया लोहार युवा विकास संस्थान उपाध्यक्ष मदन चौहान, जगदीश, प्रेम, गुलाबाराम मेघवाल, प्रहलादराम चौहान, धीरज मेघवाल, बन्नाराम, जितेंद्र सर्वा, महेंद्र चौहान, नैनाराम मुंडेल, मालाराम, श्रवण पंवार, राजेंद्र बोराणा, किशन बोराणा आदि ने शिवलिंग का अभिषेक किया। मन्ना की बाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने शिवलिंग की पूजा-अर्चना की। प्रधानाचार्य विजयलक्ष्मी ने शिव महिमा के बारे में बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### ईंधन के किफायती उपयोग और संरक्षण पर जोर



पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संगठन (पीसीआरए) और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से एक महीने तक सक्षम और क्षमता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 15 फरवरी को होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ऊर्जा के किफायती उपकरणों के उपयोग व स्वच्छ ईंधन की दिशा में प्रेरित करना और पेट्रोलियम उत्पादों के बेहतर इस्तेमाल और संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करना है। इसके तहत ओएनजीसी कार्यालय जोधपुर में वाहन प्रदूषण जांच कैंप व सौर ऊर्जा चालित उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। वाहन चालकों के लिए कार्यशाला भी आयोजित की गई। ओएनजीसी के जीएसएस गमनेवाला व वेधन रिंग में ईंधन संरक्षण की शपथ दिलाई गई और वैन द्वारा ईंधन संरक्षण का प्रचार-प्रसार किया गया। इस कड़ी में रैलियां भी हुईं। कार्यक्रम अन्वेषी परिसंपत्ति महाप्रबंधक तरुण शाह, प्रबंधक सुनील वधवा व उप महाप्रबंधक सुनील जैन की देखरेख में हुआ। इस मौके पर जैन ने कहा, कि ऊर्जा के साधन सीमित हैं। हमें पेट्रोलियम पदार्थों का उचित प्रबंधन करते हुए इसके दुरुपयोग को रोकना होगा।

### सिंधी भाषा संस्कृति प्रति. में सावलाणी तृतीय



भारतीय सिंधु सभा व राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन सिंधी भाषा व संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह जयपुर में हुआ। इस अवसर पर मार्गदर्शक कैलाशचंद शर्मा, राजस्थान सिंधी अकादमी के अध्यक्ष हरीश राजाणी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल वाधवाणी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जितेंद्र गंगवानी ने की। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. प्रदीप गेहानी ने बताया, कि जोधपुर के किशोर कुमार सावलाणी तृतीय रहे।

### बद्रीदास महाराज आश्रम में कथा की पूर्ण आरती

कुम्हारिया कुआं जटियों की गली स्थित बद्रीदास महाराज आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की पूर्ण आरती हुई। शांतेश्वर महाराज के सान्निध्य में कथा वाचक अनुभव दास महाराज ने अंतिम दिन भागवत कथा की महिमा, शुकदेव महाराज द्वारा राजा परीक्षित को केवल्य ज्ञान की प्राप्ति प्रसंग का वर्णन किया। इस अवसर पर संत मनोहरदास, गुप्तेश्वरदास, दुर्गेश्वरदास आदि उपस्थित थे। रतन मूंदड़ा, तेजराज व श्याम ने भजन प्रस्तुत किए।

## राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्म संसद कल, संतों के सान्निध्य में हुआ भूमि पूजन

**कम्युनिटी रिपोर्टर. जोधपुर|** अखिल भारतीय सदगुरु मात्रंग नवल धर्मसभा की ओर से 15 फरवरी को रावण का चबूतरा मैदान पर प्रथम वाल्मीकि धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को गादीपति आचार्य चरणदास गुजराती के सान्निध्य में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर तमिलनाडु के वाल्मीकि पीठाधीश्वर स्वामी जयराम इरोड़, पीठाधीश्वर मनहर स्वामी, पीठाधीश्वर स्वामी मृगनश्री चानमन सहित कई धर्मगुरु शामिल हुए। कार्यक्रम में कमल जोशी, राजसा सर्वटे, वेदराज कंडारा, राजकिरण गूंद, सुखराज जावा सहित कई लोग मौजूद थे। राष्ट्रीय धर्म संसद के संयोजक प्रेमदास बारासा ने बताया, कि धर्म संसद में शामिल होने के लिए मथुरा से अरुणानंद महाराज, भोपाल से राष्ट्रीय संत वैष्णव आचार्य मिठू महाराज, वधवा से संत चंचलबाबा वाल्मीकि, राजगढ़ से संत किशोरनाथ जोधपुर पहुंच गए हैं।

**वाल्मीकि संत आज भी जोधपुर पहुंचेंगे |** बारासा ने बताया, कि अखिल भारतीय वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महामंडलेश्वर बाबा प्रकटनाथ, संत कृष्णशाह विद्यार्थी महाराज, मिश्रीशाह महाराज, बैंगलुरु वाल्मीकि गुरुकुल पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मानंद महाराज सहित अनेक संत बुधवार को जोधपुर आएंगे।



रावण का चबूतरा स्थल पर भूमि पूजन किया गया।

**नशा मुक्ति के लिए शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता आज |** बारासा ने बताया, कि बुधवार को रावण का चबूतरा मैदान पर दोपहर 3:30 बजे बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता होगी, इसमें उत्तर भारत स्तर के प्रतियोगी शामिल होंगे। इसका उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त करवाना है। 15 फरवरी को शाम 4 बजे इसी मैदान पर पब्लिक शो होगा, जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न दिए जाएंगे। श्री महर्षि वाल्मीकि भगवान सेवा ट्रस्ट रामपुरा भाटियान के अध्यक्ष राजेंद्र आदिवाल ने बताया, कि धर्म संसद के दौरान सामूहिक विवाह समारोह पर चर्चा भी की जाएगी।

## आज का पंचांग

### तिथि संवत्

फाल्गुन, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी बुधवार रात्रि 12:47 तक रहेगी, विक्रम संवत् 2074, शाके 1939, हिजरी सन 1439, मुस्लिम माह जमादि उल अव्वल तारीख 27, सूर्य उत्तरायण, शिशिर ऋतु, 14 फरवरी।

### सूर्योदय कालीन नक्षत्र

श्रवण नक्षत्र संपूर्ण दिनरात रहेगा। व्यतिपात योग दोपहर 03:13 तक रहेगा, इसके बाद वरियान योग रहेगा। विष्टि करण सुबह 11:41 तक रहेगा, इसके बाद शकुनि करण रहेगा।

### ग्रह विचार (प्रातः 05:30)

सूर्य-कुंभ, चंद्र-मकर, मंगल-वृश्चिक, बुध-मकर, गुरु-तुला, शुक्र-कुंभ, शनि-धनु, राहु-कर्क, केतु-मकर राशि में स्थित हैं।

### शुभाशुभ ज्ञानम्

भद्रा प्रातः 11:41 तक, बुध कुंभ में रात्रि 03:24, महाशिवरात्रि व्रत पूर्वी भारत में, व्यतिपात पुण्यं, सेंट वेलेन्टाइन दिवस।

### दिशाशूल

उत्तर दिशा की तरफ रहेगा। जरूरी हो तो दूध पीकर यात्रा करें।

### राहुकाल (मध्यम मान के अनुसार)

दोपहर 12:00 से 01:30 तक

### चौघड़िया मुहूर्त

प्रातः 07:08 से 09:55 तक लाभ व अमृत का, सुबह 11:18 से 12:41 तक शुभ का, दोपहर 03:27 से सायं 04:51 तक चर का, सायं 04:51 से 06:14 तक लाभ का चौघड़िया रहेगा।

### आज जन्मे बच्चों का नामाक्षर

| समय | पाया | राशि | जन्माक्षर |
|---|---|---|---|
| 07:08 | ताम्र | मकर | खि |
| 11:38 | ताम्र | मकर | खू |
| 18:17 | ताम्र | मकर | खे |
| 24:55 | ताम्र | मकर | खो |

### आज विशेष

महाशिवरात्रि व्रत कर दिनभर उपवास करें। प्रदोष काल में तथा रात्रि में चार प्रहर का पूजन करें। रात्रि जागरण कर भगवान का नाम स्मरण करें तो सांसारिक कष्टों से छुटकारा मिलता है।

## तारे-सितारे

**पंडित प्रो. विनोद शास्त्री**

**राशिफल** जानकर अपनी दिनचर्या तय करने वाले लोगों के लिए प्रो. शास्त्री बता रहे हैं कि बुधवार का दिन आपके लिए कैसा रहेगा। इस जानकारी के बाद आप आने वाली समस्याओं पर नियंत्रण रख सकते हैं। अपनी अच्छाइयों के प्रतिशत में बढ़ोतरी भी कर सकते हैं।

**मेष** (21 मार्च से 20 अप्रैल)
स्वास्थ्य का पाया कमजोर होने से काम प्रभावित होगा। जान-बूझकर मामले टालने से नुकसान की आशंका है। धैर्य से काम लें।
शुभ अंक : 6 | रंग : नीला

**वृष** (21 अप्रैल से 21 मई)
लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत करनी पड़ सकती है। विरोधियों से सावधान रहें। जीवनसाथी के व्यवहार से खिन्नता होगी। यात्रा हो सकती है।
शुभ अंक : 4 | रंग : हरा

**मिथुन** (22 मई से 21 जून)
नए सौदे कारोबारी विस्तार में सहायक हो सकते हैं। दूसरों के मामलों में दखल देने के बजाय अपने काम पर ध्यान दें। विवाद से दूर रहें।
शुभ अंक : 8 | रंग : आसमानी

**कर्क** (22 जून से 22 जुलाई)
न चाहते हुए भी समझौता करना पड़ सकता है। अनुभवी लोगों के सहयोग से हर मुश्किल आसान होगी। पारिवारिक यात्रा हो सकती है।
शुभ अंक : 9 | रंग : पीला

**सिंह** (23 जुलाई से 23 अगस्त)
महत्वपूर्ण फैसले लेने में सफल रहेंगे। साझेदारी में चल रही योजना बीच में रोकने से नुकसान संभव है। अध्ययन के लिए घर से दूर जाना पड़ेगा।
शुभ अंक : 1 | रंग : काला

**कन्या** (24 अगस्त से 23 सितंबर)
मन की बात अपनों से कह देने से हल्का महसूस करेंगे। यात्रा कार्यक्रम में बदलाव करना लाभदायी रहेगा। सोच-समझकर पूंजी निवेश करें।
शुभ अंक : 7 | रंग : गुलाबी

**तुला** (24 सितंबर से 23 अक्टूबर)
अनजाने में की गई गलती का पछतावा होगा। कार्यस्थल पर कई तरह के दबाव झेलने पड़ सकते हैं। अदालती मामलों में सावधानी बरतें।
शुभ अंक : 2 | रंग : भूरा

**वृश्चिक** (24 अक्टूबर से 22 नवंबर)
जोश में आकर ऐसा कोई फैसला न करें, जिससे नुकसान हो सकता है। धार्मिक कार्यों में शामिल होकर मन खुश होगा। मातृसुख संभव है।
शुभ अंक : 6 | रंग : बादामी

**धनु** (23 नवंबर से 21 दिसंबर)
अव्यवस्था के चलते कार्यस्थल पर परेशानी होगी। आकस्मिक घटनाएं आश्चर्य में डाल सकती हैं। अपनों में गलतफहमी बढ़ने से अशांत रहेंगे।
शुभ अंक : 5 | रंग : फिरोजी

**मकर** (22 दिसंबर से 20 जनवरी)
नए संपर्क भाग्योदय में सहायक हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी कुशलता का परिचय देंगे। प्रियजन से मुलाकात सुखद रहेगी। यात्रा हो सकती है।
शुभ अंक : 2 | रंग : नारंगी

**कुंभ** (21 जनवरी से 18 फरवरी)
आसपास के माहौल में बदलाव की कोशिश सफल रहेगी। दायित्व निभाने में सफल रहेंगे। अनचाहे करार तनाव का कारण बन सकते हैं।
शुभ अंक : 8 | रंग : जामुनी

**मीन** (19 फरवरी से 20 मार्च)
विद्यार्थी नई शिक्षण संस्था में प्रवेश मिलने से उत्साहित रहेंगे। पारिवारिक समस्या का समाधान होगा। पुरानी बातें भूलकर आगे बढ़ें, रिश्ते मजबूत होंगे।
शुभ अंक : 6 | रंग : स्लेटी

कल का राशिफल आज ही पढ़िए www.dainikbhaskar.com पर

---

Cut&Keep

# Education भास्कर

**हायर एजुकेशन**

## उच्च शिक्षा में बढ़ रहा एंप्लॉयबिलिटी का स्तर, इंजीनियरिंग के छात्र सबसे आगे

हायर एजुकेशन हासिल करने वाले छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। इस मामले में इंजीनियिरिंग के छात्र सबसे आगे हैं। जबकि एमबीए करने वाले छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर कम हुआ है। व्हीबॉक्स द्वारा किए गए एक सर्वे में यह बात सामने आई है। हालांकि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि आईटीआई ग्रेजुएट्स में रोजगार के लायक छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है।

### 2014 में 33.95 फीसदी छात्र थे रोजगार के लायक, अब बढ़कर हुए 45.6 फीसदी

हायर एजुकेशन के छात्रों को लेकर एंप्लॉयबिलिटी का सवाल हमेशा से ही उठता रहा है। इंडस्ट्रीज़ के अनुसार उन्हें रोजगार के लायक उम्मीदवार ढूंढने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन हाल ही में जारी हुई इंडिया स्किल्स रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्षों के दौरान उच्च शिक्षा हासिल कर चुके छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर बढ़ा है। 2014 में जहां 33.95 फीसदी ग्रेजुएट रोजगार के लायक थे, वहीं 2015 में यह आंकड़ा बढ़कर 38.12 फीसदी हो गया था। इस बार की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक देश में रोजगार के लायक ग्रेजुएट का अनुपात बढ़कर 45.6 फीसदी हो गया है। यह सर्वे व्हीबॉक्स, पीपुलस्ट्रॉन्ग और सीआईआई द्वारा 5200 से ज्यादा यूनिवर्सिटी और उच्च शिक्षा मुहैया कराने वाले संस्थानों के 5 लाख से ज्यादा छात्रों पर किया गया।

### करीब 51% इंजीनियरिंग ग्रेजुएट एंप्लॉयबल

सर्वे के अनुसार एंप्लॉयबिलिटी के मामले में इंजीनियरिंग के छात्रों का अनुपात सबसे ज्यादा है। 2017 में करीब 50.69 फीसदी इंजीनियरिंग ग्रेजुएट रोजगार के लायक थे। 2018 में इनकी संख्या बढ़कर 51.52 फीसदी हो गई। किसी भी अन्य स्ट्रीम की तुलना में यह सबसे ज्यादा है। वहीं दूसरी तरफ एमबीए करने वाले छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर कम हुआ है। 2017 में जहां 42.28 फीसदी एमबीए ग्रेजुएट एंप्लॉयबल थे, वहीं 2018 में इनकी संख्या 39.4 फीसदी हो गई। बीकॉम करने वाले छात्रों के मामले में भी हालात इससे कुछ अलग नहीं हैं। बीकॉम करने वाले करीब 38 फीसदी छात्र 2017 में रोजगार के लायक थे, जबकि 2018 में इनकी संख्या घटकर करीब 34 फीसदी हो गई। आईटीआई को छोड़ दिया जाए, तो एमबीए और बीकॉम ही दो ऐसी स्ट्रीम हैं, जिसमें रोजगार के लायक छात्रों का अनुपाम कम हुआ है।

**स्ट्रीम के आधार पर रोजगार के लायक छात्र** (आंकड़े प्रतिशत में)

| स्ट्रीम | 2017 | 2018 |
|---|---|---|
| इंजीनियरिंग | 50.69 | 51.52 |
| एमबीए | 42.28 | 39.4 |
| एमसीए | 31.36 | 43.85 |
| पॉलिटेक्निक | 25.77 | 32.67 |
| बीकॉम | 37.98 | 33.93 |
| बीफार्मा | 42.3 | 47.78 |

### आईटीआई में कम हुए एंप्लॉयबल छात्र

हालांकि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि आईटीआई करने वाले छात्रों में एंप्लॉयबिलिटी का स्तर कम हुआ है। आमतौर पर यह माना जाता है कि आईटीआई में स्किल फोकस एजुकेशन होने के कारण एंप्लॉयबिलिटी ज्यादा होती है। सर्वे के अनुसार 29.46% आईटीआई ग्रेजुएट ही रोजगार के लायक हैं, जबकि 2017 में यह आंकड़ा 42.22% था। अन्य स्ट्रीम के मुकाबले एंप्लॉयबल ग्रेजुएट्स में सबसे ज्यादा कमी इसमें ही देखने को मिली है।

### राज्यों में दिल्ली शीर्ष पर

राज्यों के लिहाज से देखा जाए, तो एंप्लॉयबिलिटी के मामले में दिल्ली सबसे आगे है। दिल्ली में करीब 75 फीसदी ग्रेजुएट छात्र एंप्लॉयबल हैं। इसके बाद कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, तमिलनाडु और गुजरात इस सूची में शीर्ष पर हैं। शहरों के लिहाज से बेंगलुरु, चेन्नई और इंदौर के छात्र इसमें सबसे आगे हैं।

**अपॉर्च्युनिटी अपडेट**

### इंटरनेशनल एसे कॉन्टेस्ट फॉर यंग पीपल

इसमें 25 वर्ष तक की आयु के छात्र भाग ले सकते हैं। छात्रों को आयु के आधार पर दो कैटेगरी के बांटा जाएगा। पहली कैटेगरी में 14 वर्ष तक की आयु के छात्र और दूसरी कैटेगरी में 15 से 25 वर्ष तक की आयु के छात्र शामिल हो सकेंगे। छात्रों को द चेंज आई वॉन्ट टू मेक थीम पर एसे लिखना होगा। यह एसे अधिकतम 700 शब्दों में हो सकता है।
**अंतिम तिथि :** 15 जून, 2018
**लिंक :** www.goipeace.or.jp/en/work/essay-contest/

### नेशनल इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एग्ज़ाम

इसमें 5वीं कक्षा से लेकर ग्रेजुएशन करने वाले छात्र तक इसमें भाग ले सकते हैं। इसका उद्देश्य छात्रों को डिजिटली साक्षर बनाना और बदलती तकनीक के प्रति जागरूक करना है। पहला स्थान पाने वाले विजेताओं को लैपटॉप, दूसरा स्थान पाने वाले विजेताओं को टैबलेट, तीसरा स्थान पाने वालों को स्मार्टफोन और चौथा स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को पेन ड्राइव दी जाएगी।
**अंतिम तिथि :** 15 फरवरी, 2018
**लिंक :** http://www.niceedu.org/

### जियो जीनियस जियोग्राफी ओलम्पियाड

इसमें दूसरी से लेकर 10वीं कक्षा तक के छात्र भाग ले सकते हैं। छात्रों को कक्षा के आधार पर तीन कैटेगरी के बांटा जाएगा। पहली कैटेगरी में दूसरी से चौथी कक्षा, दूसरी कैटेगरी में पांचवीं से सातवीं और तीसरी कैटेगरी में आठवीं से लेकर 10वीं कक्षा तक के छात्र शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी। पहला स्कूल लेवल दूसरा नेशनल लेवल। स्कूल स्तर और राष्ट्रीय स्तर में प्रत्येक कैटेगरी के विजेताओं को इनाम मिलेगा।
**अंतिम तिथि :** 31 अक्टूबर, 2018
**लिंक :** http://geogeniusindia.com/

**सवाल और सुझाव के लिए एसएमएस कीजिए... 9200012345 पर या ई-मेल कीजिए education@dbcorp.in**

Cut&Keep